बाछ्ल माँ गोगा से मिलादे | By Muskan Shrivastava

गलियां गलियां ढूंढ रहे हम
बाछ्ल गोगा से मिला दे
चलते चलते हार गए हम
अपने लाला से मिला दे
गलियां गालियां...........

श्रियल रानी ओ महारानी रे
कहाँ गोगाजी हमारे
गोगा मेरा गोगा रणधारी रे
सारी दुनिया तुमको पुकारे
तेरी ये दीवानी है जग से बेगानी है
गोगा मुझे गले से लगा
मेडी बुला के दरस दिखा के
मेरी बिगड़ी बना
गलियां गलियां ढूंढ रहे हम
बाछ्ल गोगा से मिला दे

तेरी दासियाँ बागड़ वालियां
तेरी याद में आंसू बहाएं
मोर पपीहा चहकती चिड़िया
तेरे नाम का शोर मचाये
गोगा तुम्हे आना है इन्हे अपनानां है
गोगा सबकी लाज बचा
भाग्य जगा दे दुखड़े मिटा दे
महिमा सबको दिखा दे
गलियां गलियां ढूंढ रहे हम
बाछ्ल गोगा से मिला दे

बादल बरसे खिले फुलवारियां
महीना भादो का लगा है
तेरे मेले की करि तैयारियां
गोगा मेडी पे बुलाये
द्वार तेरे आना है, छड़ी को उठाना है
गोगा मुझे द्वार पे बुला
मेला दिखा दे वचन निभा दे
बाछ्ल गोगा से मिला दे
गलियां गलियां ढूंढ रहे हम
बाछ्ल गोगा से मिला दे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%9b%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-muskan-shrivastava/